सत्यमेव जयते

**राष्ट्रपति**
**भारत गणतंत्र**
**PRESIDENT**
**REPUBLIC OF INDIA**

## संदेश

महान शिक्षाविद्, दार्शनिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के उपलक्ष में मनाए जाने वाले शिक्षक दिवस के अवसर पर, मैं सभी शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

शिक्षक दिवस एक ऐसा अवसर होता है, जब हम अपने राष्ट्र के उन शिक्षकों की समर्पित सेवाओं का सम्मान करते हैं, जो हमारे बच्चों के बौद्धिक और नैतिक विकास में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। हमारी परंपरा में हम शिक्षकों को देवता तुल्य मानते हैं।

कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान शिक्षकों की कार्यशैली में भी बड़ा परिवर्तन आया। लॉकडाउन के दौरान हमारे शिक्षकों ने शिक्षा के ऑनलाइन माध्यम की हर चुनौती को स्वीकार किया और विद्यार्थियों की निर्बाध शिक्षा के लिए मजबूती से कदम उठाए।

इस अवसर पर, आइए हम सब मिलकर एक सुदृढ़ और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देने वाले संपूर्ण शिक्षक समुदाय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें।

राम नाथ कोविन्द

**(राम नाथ कोविन्द)**

नई दिल्ली
03 सितम्बर, 2021